आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

11.04.2024 समय : 1850

- भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी नड्डा ने आज आई.टी.एफ मैदान में विशाल चुनावी जन सभा को संबोधित किया– कहा वर्तमान सरकार के कार्यकाल में द्वीपसमूह में विकास के कार्यों में गति मिली है।
- आगामी लोक सभा चुनाव में दो हजार आठ सौ से अधिक ई.वी.एम और वी.वी.पैट का प्रयोग किया जाएगा।
- द्वीपसमूह में आगामी चुनाव के लिए नियुक्त पुलिस पर्यवेक्षक रवि जोसफ ने मध्योत्तर अंडमान जिले में चुनाव तैयारियों का जायज़ा लिया।
- दक्षिण अंडमान पुलिस ने लिटिल अंडमान के नाला मुण्डि के जंगल से एक किलों से अधिक नशीले पदार्थ जब्त किया है।
- अंडमान निकोबार कमान की ओर से स्थानीय प्रशासन को विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग प्रदान किया जा रहा है।

<><><><><><><>

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी नड्डा ने कहा कि मोदी सरकार के नेतृत्व में देश में काफी विकास हुआ है और अंडमान निकोबार द्वीपसमूह भी इससे अछूता नहीं है। वे कल पोर्ट ब्लेयर पहुंचने के बाद पोर्ट ब्लेयर के आई.टी.एफ मैदान में आयोजित एक विशाल चुनावी जन सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि एक समय ऐसा था कि अंडमान निकोबार में विकास के नाम पर कोई खास प्रगति नहीं होती थी, लेकिन मोदी सरकार के आने के बाद हमारी सरकार ने हर क्षेत्र का विकास किया है।

श्री जे.पी नड्डा ने कहा कि आज भारत दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी आर्थिक महाशक्ति बन गई है और दो हजार सत्ताईस तक भारत तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनने की दिशा में अग्रसर है।

इस अवसर पर भाजपा प्रत्याशी बिष्णु पद रे ने भी अपने विचार रखते हुए कहा कि अंडमान निकोबार के लोगों की खुशहाली और उनकी समृद्धि तथा विकास भी उनका सपना है और वे द्वीपों के विकास के लिए काम करते रहेंगे।

<><><><><><><>

आगामी लोक सभा चुनाव मे दो हजार आठ सौ से अधिक ई.वी.एम और वी.वी.पैट का प्रयोग किया जाएगा। द्वीपों के मुख्य निर्वाचन अधिकारी बी.एस जगलान ने बताया कि मतदाता पर्ची बांटने का कार्य भी आरंभ हो चुका है, और पन्द्रह अप्रैल तक इसे पूरा कर लिया जाएगा।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह में आगामी चुनाव के लिए नियुक्त पुलिस पर्यवेक्षक रवि जोसफ ने मध्योत्तर अंडमान जिले में चुनाव तैयारियों का जायज़ा लिया। रंगत तहसील के बाद मायाबन्दर तहसील में भी उन्होंने चुनाव तैयारियों की समीक्षा की और दूर दराज के क्षेत्र में स्थित मतदान केन्द्रों का भी निरीक्षण किया। ज़िला उपायुक्त के सम्मेलन कक्ष में आयोजित बैठक में उन्होंने जिले के उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक और नोडल अधिकारियों को शांतिपूर्ण चुनाव कराने का निर्देश देते हुए, उचित मात्रा में पुलिस और केन्द्र सशक्त पुलिस बल की तैनाती

के साथ आरक्षित इकाईयों को भी तैयार रखने को कहा। गश्त को बढ़ाने मतदान केन्द्रों में संचार सुविधाओं को दूरूस्त करने और अग्नि सुरक्षा उपाय करने को भी कहा। जिला उपायुक्त गीतांजलि खंडेलवाल ने जिले में चुनाव को लेकर की गई तैयारियों के बारे में जानकारी दी।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के लिए नियुक्त सामान्य पर्यवेक्षक बी.एन सिंह ने कार निकोबार के एडवर्ड कुचट पार्क में चुनाव मेस्कॉट मेघा का अनावरण किया। मेघा एक निकोबारी मेगापॉड बर्ड है, जो द्वीपसमूह के निकोबार जिले की एक अद्भुत पक्षी है। इस अवसर पर सामान्य पर्यवेक्षक ने पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं से मुलाकात की और मेघा सेल्फी प्वाइंट में उनके साथ सेल्फी ली। इसके अलावा उन्होंने उपस्थिति को संबोधित करते हुए देश के विकास में मतदान के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने स्थानीय आदिवासियों को मतदान करने के लिए शिक्षित करने का भी अनुरोध किया। जिला उपायुक्त ज्योति कुमारी ने जिले के लोगों से आगामी लोकसभा चुनाव में बढ़ चढ़ कर भाग लेने का अनुरोध किया। इस अवसर पर प्रियदर्शनी हॉल में आयोजित कार्यक्रम में जिले में आयोजित विभिन्न प्रकार की गतिविधियों के विजेताओं को पुरस्कार भी बांटे गए।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान पुलिस ने लिटिल अंडमान के नाला मुण्डि के जंगल से एक किलों से अधिक नशीले पदार्थ जब्त किया है। इसे जंगल में जमीन के नीचे छुपा कर रखा गया था। दक्षिण अंडमान पुलिस अधीक्षक निहारिका भट्ट ने बताया कि इस नशीले पदार्थ का इस्तेमाल काफी हानिकारक होती है और इससे काफी नुकसान पहुंचता है। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर हटबे थाना पुलिस की टीम ने खोजबीन की। इस दौरान झाड़ियों के बीच ज़मीन में एक संदिग्ध पैकेट पाया गया। पकड़े गए नशीले पदार्थ वजन में एक किलो से अधिक था।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार कमान की ओर से स्थानीय प्रशासन को विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग प्रदान किया जा रहा है। जहाज़रानी विभाग के दो जलयान एम.वी भारत सीमा और एम.वी स्ट्रेट आइलैण्ड में मरम्मत करने का बीड़ा उठाते हुए कमान की एफ–डी.एन.टू में इन दोनों जलयानों का मरम्मत कार्य आरंभ किया गया। उम्मीद की जाती है कि पन्द्रह अप्रैल तक मरम्मत कार्य पूरा कर लिया जाएगा और दोनों जलयान समुद्र उपयोगी हो पांएगे। आत्मनिर्भर भारत की दिशा में बढ़ते हुए चेन्नई के कट्टुपल्ली में एफ–डी.एन.टू का स्वदेशी निर्माण किया गया था। पच्चीस मई दो हजार अट्ठारह को पोर्ट ब्लेयर के नौ सेना जहाज मरम्मत यार्ड में इसे शामिल किया गया। इसकी देखभाल भारतीय नौ सेना के प्रशिक्षित नाविकों द्वारा किया जाता है।

<><><><><><><>